piccadily

**Date: 13-08-2021**

To,

**The Manager,**
**BSE Limited,**
**25th Floor, Pheroze Jeejebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai- 400001**

**Scrip Code: 530305**

**Sub: Newspaper Clippings of Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended 30th June 2021.**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the newspaper publication of Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June 2021 published in Business Standard (English) and (Hindi) on Friday, 13th August 2021.

You are requested to take note of the above for your records.

Thanking You,

Yours Faithfully,

**For Piccadily Agro Industries Limited**
For Piccadily Agro Industries Limited

Kumar Abhishek

**Kumar Abhishek** Company Secretary
**Company Secretary**


# Piccadily Agro Industries Ltd.

**CIN No. : L01115HR1994PLC032244**

*Registered Office :* Village Bhadson, Umri - Indri Road, Teh.Indri, Distt. Karnal, Haryana-134101 (India).
*Corresp. Address :* # 304, Sector 9-D, Chandigarh-160009 Ph. : 0172-4660993
Website : www.picagro.com Email : piccadilygroup34@rediffmail.com

## HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

01905-272269 Fax:- 272862 Email: ee-dhar-hp@nic in

### INVITATION FOR BIDS (IFB)

D-CB-Tender/2020-21-12286-88 Dated: -11/08/2021

ve Engineer, Dharampur Division, HPPWD Dharampur . Distt: Mandi (H.P) on behalf of H.P invites the item rate bids, in electronic tendering systems from the eligible class of egistered with HPPWD for the work as detailed in the table.

| ame of work | Estimated Cost (In Rs.) | Starting Date for down-loading Bid | Earnest Money ( in Rs.) | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|
| | 3 | 4 | 5 | 6 |
| ction of Missing CD on Sari Garli at RD 1/200 ( SH :- C/O Super e ) | 14,82,286.00 | 24.08.2021 | 30,000/- | 31.08.2021 |
| mages on Bakkar Khad to Garoru via d road Km 0/0 to 3/00 ( SH :- ) & C/O R/Wall at various RDs ) | 522,840.00 | 24.08.2021 | 11,000/- | 31.08.2021 |
| amages on Sarkaghat Tihra le Road Km 59/00 to 101/0 ( SH :- Wall at RD 81/015 to 81/033, 81/900 20 and 82/530 to 82/535) | 546,876.00 | 24.08.2021 | 11,000/- | 31.08.2021 |
| atryana Chaswal Answal road km0/0 ) (SH:- C/o PCC R/Wall and B/Wall in s RD's) | 12,59,795.00 | 24.08.2021 | 26,000/- | 31.08.2021 |

rs are advised to note other details of tender from the department website ders.gov.in.

Executive Engineer,
Dharampur Division,
HPPWD Dharampur,
Distt: Mandi (H.P)
on behalf of Governor of H.P

1-2022

## HIMACHAL PRADESH JAL SHAKTI VIBHAG

### NOTICE INVITING TENDER

The Executive Engineer Jal Shakti Division, Baggi invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works(s) through off line process :-

| Sr. No | Name of work | E/Cost | Earnest Money | Time limit |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of LWSS Tikker Behna in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Laying, jointing, testing and carriage of distribution system G.I. pipes (LG) of 80 dia = 1500 Rmt.) Under CRF | Rs. 265613/- | Rs. 5400/- | Three Months |
| 2. | Improvement of LWSS Tikker Behna in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Laying, jointing, testing and carriage of distribution system G.I. pipes (LG) of 65 dia = 1250 Rmt.) Under CRF | Rs. 216346/- | Rs. 4100/- | Three Months |
| 3. | Improvement of LWSS Tikker Behna in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Laying, jointing, testing and carriage of distribution system G.I. pipes (LG) of 65 dia = 2750 Rmt.) Under CRF | Rs. 475958/- | Rs. 9600/- | Three Months |
| 4. | A/R & M/O LWSS Kot Chunahan in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Operation & Running of scheme for Six Months) | Rs. 281160/- | Rs. 5630/- | Six Months |
| 5. | A/R & M/O LWSS Kkangroo Seri Lohardi in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Operation & Running of scheme for Six Months) | Rs. 280800/- | Rs. 5620/- | Six Months |

Last date of submission of tender: 18/08/2021 upto 11.00 AM.
Last date sale of tender from the division office: 17/08/2021 upto 5.00 PM
The tender form and other detail and condition can be downloaded from the website www.hpiph.org. or from office of Jal Shakti Division Baggi upto date specified above.

Executive Engineer,
Jal Shakti Division Baggi

3299/2021-2022

TRIDENTGROUP™
Being different is normal

### NOTICE

Notice is hereby given that following shareholder(s) of erstwhile Varinder Agro Chemicals Limited (company merged with Abhishek Industries Limited and name changed from Abhishek Industries Limited to **Trident Limited**) has lost original share certificates of Varinder Agro Chemicals Limited and have applied for claiming the Trident shares from Investor Education Protection fund (IEPF).

| Sr. No. | Name of First shareholder | Name of Second shareholder | Folio Number | No. of shares |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M RIKHAB CHAND KANKARIA | R VEERENDRA KUMAR KANKARIA* | VA023564 | 100 |

**The correct name of the shareholder is Veerendra Kumar Kankaria as per the affidavit provided to company.*

Any person having any objection to the same may write to the Company within 7 days of the date of publication of this notice, otherwise the Company shall follow the due procedure for settling the claim of shareholder in compliance with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and no further claim will be entertained by Company or IEPF Authority.

**For TRIDENT LIMITED**
**Sd/-**
**Ramandeep Kaur**
**Company Secretary**
**ICSI Membership No.: F9160**

Place : Sanghera
Dated : August 12, 2021

**TRIDENT LIMITED**

**CIN** : L99999PB1990PLC010307
**Regd. Office** : Trident Group, Sanghera - 148 101, India, **Toll Free No.**: 1800-180-2999
**Fax**: 0161-5039900 | **Website**: www.tridentindia.com | **Email**: investor@tridentindia.com

## PICCADILY AGRO INDUSTRIES LIMITED

CIN: L01115HR1994PLC032244, Regd. Office: Village Bhadson, Umri-Indri Road, Teh: Indri, Distt. Karnal, Haryana-134109. Phone No. 0172-4660993 Website: www.picagro.com; E-mail: piccadilygroup34@rediffmail.com

**STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2021**

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2021 | Quarter ended 30.06.2020 | Quarter ended 31.03.2021 | Year ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1. | Total Income from Operation (Net) | 20,631.82 | 14,042.59 | 15,308.45 | 49,033.73 |
| 2. | Net Profit/ Loss for the period (before tax, exceptional and/or extra ordinary items) | 1,682.31 | 1,212.13 | 176.92 | 2,469.98 |
| 3. | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exceptional and/or extra ordinary items) | 1,682.31 | 1,212.13 | 177.92 | 2,470.98 |
| 4. | Net Profit/ Loss for the period after Tax (after extraordinary items) | 1,241.91 | 799.47 | 120.07 | 1,764.32 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period (comprising Profit/ Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax) | 1,243.45 | 781.80 | 240.66 | 1,795.28 |
| 6. | Equity Share Capital (Paid up) | 9,466.12 | 9,466.12 | 9,466.12 | 9,466.12 |
| 7. | Earning per share of Rs.10/- each (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | 1. Basic | 1.32 | 0.83 | 0.52 | 1.90 |
| | 2. Diluted | 1.32 | 0.83 | 0.52 | 1.90 |

**Notes:**

1. The above financial results for the quarter ended 30th June, 2021 which have subjected to limited review by Statutory Auditors of the Company were reviewed by the Audit Committee in their meeting held on 10TH August 2021 and subsequently approved by the Board of Directors at its meeting held on 11th August, 2021 in terms of Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
2. The above is an extract of the detailed format of the quarterly consolidated Un-Audited Financial results with the stock exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of financial results are available on the stock exchange website www.bseindia.com and also on the company's website www.picagro.com.
3. The abstract of Un-Audited Standalone Financial Results for the quarter ended June 30, 2021 as given below:

(Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter ended 30.06.2021 | Quarter ended 30.06.2020 | Quarter ended 31.03.2021 | Year ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Revenue from operations | 20,631.82 | 14,042.59 | 15,308.45 | 49,033.73 |
| Profit before tax from continuing operations | 1,682.31 | 176.92 | 1,212.13 | 2,469.98 |
| Profit after tax from continuing operations | 1,241.91 | 799.47 | 119.07 | 1,763.32 |
| Profit/ (Loss) from discontinuing operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Other Comprehensive income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Total Comprehensive income | 1,241.91 | 799.47 | 119.07 | 1,763.32 |

**For Piccadily Agro Industries Limited**
**Sd/- (Harvinder Singh Chopra)**
**Managing Director**
**Din no. 00129891**

**Place: Gurugram**
**Date: 11-08-2021**

## E-AUCTION NOTICE

**Petron Engineering Construction Limited (in Liquidation)**
**Sale of assets of the Corporate Debtor, on a Slump Sale basis under the provisions of Insolvency and Bankruptcy Code, 2016**

NOTICE is hereby given to public at large for inviting bids from interested bidders in connection with the e-Auction process to be held by the Liquidator of Petron Engineering Construction Limited-in liquidation ("Corporate Debtor"), for the acquisition of assets of the Corporate Debtor, on a slump sale basis as per details mentioned in the table below. The Corporate Debtor is under liquidation by virtue of the Order dated 05.02.2020 passed by the Hon'ble National Company Law Tribunal, Mumbai Bench. The registered office of the Corporate Debtor is situated at Swastik Chambers, 6th Floor, Sion Trombay Road, Chembur Mumbai-400071, Maharashtra. It is a Technology Driven Engineering, Procurement and Construction (EPC) Company.

| Asset | Manner of Sale | Date and Time of Auction | Reserve Price (INR) | EMD Amount (INR) | EOI & EMD Submission Deadline | Incremental Value (INR) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Assets of the Corporate Debtor | Slump Sale | 05.10.2021 From 11:00 AM to 05:00 PM | 120.78 Crore | 12 Crore | On or before 28.08.2021 | Bid Increments shall be multiples of 1.2 Crore |


It is clarified that, this invitation purports to invite interested bidders and does not create any kind of binding obligation on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator reserves the right to cancel or modify the process and / or not to accept and / or disqualify any bidder without assigning any reason and without any liability.

The sale of assets of the Corporate Debtor through e-Auction will be conducted strictly on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "WHATEVER THERE IS BASIS".


The e-Auction Process shall take place through an online e-Auction Agency, e-Procurement Technologies Limited via website https://ncltauction.auctiontiger.net.

[illegible] may refer to the Teaser & Process Document uploaded on website of

## खबरों में रहे स्टॉक




### मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स





पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 7 गुना बढ़ा
₹ 239.6 पिछला बंद भाव
₹ 251.6 आज का बंद भाव
▲ 5.0 %

### सुंदरम फास्टेनर्स





पहली तिमाही में 120 करोड़ रुपये का लाभ
₹ 739.0 पिछला बंद भाव
₹ 807.6 आज का बंद भाव
▲ 9.3 %

### भारत फोर्ज





पहली तिमाही में 153 करोड़ रुपये का लाभ
₹ 783.5 पिछला बंद भाव
₹ 827.5 आज का बंद भाव
▲ 5.6 %

### यूनिकेम लैबोरेटरीज




मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट के लिए यूएसएफडीए की मंजूरी
₹ 285.6 पिछला बंद भाव
₹ 300.4 आज का बंद भाव
▲ 5.2 %

### हेस्टर बायोसांइसेज




पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 118 फीसदी बढ़ा
₹ 2,201.8 पिछला बंद भाव
₹ 2,413.6 आज का बंद भाव
▲ 9.6 %

## संक्षेप में

### एमएससीआई के बदलाव से बिकवाली का जोखिम

एडलवाइस अल्टरनेटिव रिसर्च के अनुमान के अनुसार एमएससीआई के पुनर्संतुलन की वजह से घरेलू बाजारों में 16 करोड़ डॉलर तक की बिकवाली को बढ़ावा मिल सकता है। वैश्विक सूचकांक प्रदाता ने किसी भारतीय शेयर को जोड़ा या हटाया नहीं है, लेकिन उसने ब्लूचिप कंपनियों आरआईएल, इन्फोसिस और एचडीएफसी के भारांक में कमी की है। *बीएस*


### सुंदरम फास्टनर्स को पहली तिमाही में मुनाफा

टीवीएस समूह की कंपनी सुंदरम फास्टनर्स लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 120.5 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 25.4 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। किंपनी का कुल परिचालन राजस्व 198 फीसदी बढ़कर 1,112.4 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 373.2 करोड़ रुपये रहा था। *बीएस*

# टाटा स्टील का दमदार प्रदर्शन

## पहली तिमाही में कंपनी को 9,768 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त




- क्रमिक आधार पर कंपनी का करोपरांत लाभ 36 फीसदी बढ़ा
- टाटा स्टील की एबिटा 16,185 करोड़ रुपये रही जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है
- भारतीय कारोबार ने भी 13,946 करोड़ रुपये पर अब तक की सर्वाधिक एबिटा दर्ज की

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान कोरोनावायरस की दूसरी लहर के कारण पैदा हुए व्यवधान के बावजूद टाटा स्टील ने दमदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। निफ्टी50 कंपनियों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाली कंपनी ने तिमाही के दौरान 9,768 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 4,648 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। क्रमिक आधार पर कंपनी का करोपरांत लाभ 36 फीसदी बढ़ा जो मार्च तिमाही में 7,161 करोड़ रुपये रहा था।

ब्लूमबर्ग के आकलन के अनुसार, जून तिमाही में टाटा स्टील का मुनाफा 9,000 रुपये और राजस्व 52,300 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जाहिर किया गया था। इस्पात बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी का परिचालन राजस्व तिमाही के दौरान दोगुना से अधिक हो कर 53,371 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 25,474 करोड़ रुपये रहा था। बीएसई पर टाटा स्टील का शेयर आज 117 फीसदी की ऊंचाई तक पहुंच गया। नतीजे जारी होने के बाद एनएसई पर कंपनी का शेयर 0.52 फीसदी बढ़त के साथ 1,433.6 रुपये पर पहुंच गया।

टाटा स्टील के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा, 'कोरोनावायरस की दूसरी लहर के कारण भारतीय बाजार पिछली तिमाही में दोबारा बुरी तरह प्रभावित हुआ। इससे हमारा इस्पात उत्पादन और डिलिवरी प्रभावित हुई।' उन्होंने कहा कि इसके बावजूद मांग में सुधार दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में इस्पात की कीमतें चीन के मुकाबले लगातार कम है।

तिमाही के दौरान टाटा स्टील की एबिटा 16,185 करोड़ रुपये रही जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। कंपनी के भारतीय कारोबार ने भी 13,946 करोड़ रुपये पर अब तक की सर्वाधिक एबिटा दर्ज की। तिमाही के दौरान कंपनी का पूंजीगत खर्च 2,011 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान सकल ऋण घटकर 84,237 करोड़ रुपये रह गया। तिमाही के दौरान कंपनी 5,894 करोड़ रुपये की ऋण अदायगी की जबकि कंपनी का शुद्ध ऋण बोझ घटकर 83,973 करोड़ रुपये रह गया।

# विनोद दासारी ने आयशर मोटर्स से इस्तीफा दिया

बीएस संवाददाता
चेन्नई, 12 अगस्त

- विनोद दासारी ने कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी पद से इस्तीफा दिया
- कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी गोविंद राजन उनकी जगह लेंगे

**आयशर** मोटर्स ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 237 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 55 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। तिमाही के दौरान वाहन कंपनी का कुल राजस्व एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 141 फीसदी बढ़कर 1974 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कंपनी ने 818 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया था।

कंपनी ने अपने वरिष्ठ नेतृत्व में बदलाव की भी घोषणा की है। विनोद दासारी ने रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्याधिकारी और आयशर मोटर्स के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 13 अगस्त से प्रभावी माना जाएगा। उनकी जगह बी गोविंदराजन लेंगे जो 2013 से ही रॉयल एनफील्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। गोविंदराजन को बोर्ड में पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर शामिल किया जाएगा और वह 18 अगस्त से प्रभावी तौर पर रॉयल एनफील्ड के कार्यकारी निदेशक होंगे। दासारी अब किफायती एवं सबके पहुंच के लायक स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्था तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने हाल में चेन्नई में एक गैर-लाभकारी अस्पताल का उद्घाटन किया था।

### एडलवाइस वेल्थ मैनेजमेंट जुटाएगी रकम

**एडलवाइस** वेल्थ मैनेजमेंट (ईडब्ल्यूएम) ने कहा है कि वह अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पूर्व और लेट-स्टेज प्राइवेट इक्विटी केंद्रित फंडों की शृंखला के जरिये 1 अरब डॉलर यानी करीब 7,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि इस क्रॉसओवर रणनीति के तहत अगले 12 से 18 महीनों के दौरान 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए फंडों की एक शृंखला लॉन्च करेगी। इसी साल मार्च में लॉन्च शृंखला 3 को हाल में 20 करोड़ डॉलर यानी करीब 1,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ बंद करने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही क्रॉसओवर शृंखला के तहत तीन फंडों के लिए कुल 50 करोड़ डॉलर यानी करीब 3,700 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। अब इस टीम ने इसी रणनीति के तहत 20 करोड़ डॉलर यानी करीब 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए क्रॉसओवर शृंखला 3 ए को लॉन्च किया है। *बीएस*


## पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन नं.: L01115HR1994PLC032244, पंजी. कार्या.: गांव भाड़सन, उम्री–इंद्री रोड, तहसील इंद्री, जिला करनाल, हरियाणा–134109, फोन नं.: 0172–4660993
वेबसाइट : www.picagro.com; ई–मेल: piccadilygroup34@rediffmail.com

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | 30.06.2021 को समाप्त तिमाही | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1. | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 20,631.82 | 14,042.59 | 15,308.45 | 49,033.73 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों से पूर्व) | 1,682.31 | 1,212.13 | 176.92 | 2,469.98 |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के बाद) | 1,682.31 | 1,212.13 | 177.92 | 2,470.98 |
| 4. | कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण मदों के बाद) | 1,241.91 | 799.47 | 120.07 | 1,764.32 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समग्र आय (अवधि के लिए लाभ/हानि (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) सम्मिलित) | 1,243.45 | 781.80 | 240.66 | 1,795.28 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (प्रदत्त) | 9,466.12 | 9,466.12 | 9,466.12 | 9,466.12 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन रु. 10/– प्रत्येक के (चालू और बंद प्रचालनों के लिए) | | | | |
| | 1. मूल : | 1.32 | 0.83 | 0.52 | 1.90 |
| | 2. तरल : | 1.32 | 0.83 | 0.52 | 1.90 |

1. 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए उपर्युक्त वित्तीय परिणाम जो कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के तहत हैं, की लेखापरीक्षण समिति द्वारा 10 अगस्त, 2021 को आयोजित उनकी बैठक में समीक्षा की गई है और आगे सेबी (सूचीबद्ध प्रतिबद्धताएँ और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत निदेशक मंडल द्वारा उनकी 11 अगस्त, 2021 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध प्रतिबद्धताएँ और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में पेश किए तिमाही समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट: www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.picagro.com पर भी उपलब्ध है।
3. 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का सार निम्नवत् है:

(रु. लाखों में)

| विवरण | 30.06.2021 को समाप्त तिमाही | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| प्रचालनों से कुल राजस्व | 20,631.82 | 14,042.59 | 15,308.45 | 49,033.73 |
| चालू प्रचालनों से कर पूर्व लाभ | 1,682.31 | 176.92 | 1,212.13 | 2,469.98 |
| चालू प्रचालनों से कर पश्चात लाभ | 1,241.91 | 799.47 | 119.07 | 1,763.32 |
| बंद प्रचालनों से लाभ/(हानि) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| अन्य समग्र आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कुल समग्र आय | 1,241.91 | 799.47 | 119.07 | 1,763.32 |

हिते पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–(हरविंदर सिंह चोपड़ा)
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 00129891

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 11.08.2021



## न्यू एरा एल्कलोइड्स एण्ड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड

CIN: L24100CT1994PLC008842
पंजीकृत कार्यालयः 501, वॉलफोर्ट ओजोन फाफाडीह रायपुर छत्तीसगढ़ 492001
ईमेल आईडीः neael@rediffmail.com
वेबसाइटः http://www.neweraltd.com/

**सूचना**

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि सेबी (इक्विटी शेयरों के असूचीयन), विनियमन, 2021 के विनियमन 5 एवं 6 तथा अन्य लागू विनियमनों, यदि कोई है, के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार, 12 अगस्त, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषयों के साथ दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ("सीएसई") से अपने इक्विटी शेयरों के स्वैच्छिक असूचीयन हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

**असूचीयन के कारणः**
दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ("सीएसई") को भुगतेय सूचीयन शुल्कों पर होने वाले आवर्ती व्ययों की बचत करने तथा मुख्य रूप से प्रशासनिक कार्य को कम करने तथा इस तरह संबंधित लागतों की बचत करने तथा इसके अलावा दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड में कंपनी के इक्विटी शेयरों की ट्रेडिंग भी नहीं हो रही है। सेबी (इक्विटी शेयरों के असूचीयन), विनियमन, 2021 के विनियमन 5 एवं विनियमन 6 के अधीन कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को निकासी का कोई भी अवसर प्रदान किए बगैर दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड से कंपनी के इक्विटी शेयरों के असूचीयन किया जा सकता है, चूंकि कंपनी के इक्विटी शेयर राष्ट्रव्यापी ट्रेडिंग टर्मिनलों वाले मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमएसईआई) के साथ सूचीबद्ध रहेंगे।
सीएसई से कंपनी के इक्विटी शेयरों के असूचीयन के उपरांत कंपनी की पूंजी ढांचे में कोई बदलाव नहीं होगा। सीएसई से इक्विटी शेयरों के असूचीयन से निवेशकों पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ेगा।

कृते **न्यू एरा एल्कलोइड्स एण्ड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड**
हस्ता/-
मोनिका जैन
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

तारीखः 12 अगस्त, 2021
स्थानः रायपुर


# बीपीसीएल को पहली तिमाही में शुद्ध लाभ

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली/मुंबई, 12 अगस्त

**सार्वजनिक** क्षेत्र की तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 2,872.77 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ कमाया है। यह वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि के 2,187.74 करोड़ रुपये की तुलना में 31.31 फीसदी अधिक है।

बीपीसीएल ने अपने तिमाही नतीजों में बताया कि अप्रैल-जून 2021 के दौरान उसकी कुल आय भी भारी बढ़त के साथ 90,131.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 51,446.23 करोड़ रुपये रही थी।

सरकारी तेल विपणन कंपनी का पहली तिमाही में सकल शोधन मार्जिन (जीआरएम) 4.12 डॉलर प्रति बैरल रहा है जबकि अप्रैल-जून 2020 में यह 0.39 डॉलर प्रति बैरल था। आईसीआईसीआई डाइरेक्ट रिसर्च का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2021-22 में बीपीसीएल का मार्जिन 3.9 डॉलर प्रति बैरल रहेगा जबकि अगले वित्त वर्ष में इसके 4.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच जाने का अनुमान है।




कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी कुल बाजार बिक्री 96.3 लाख टन रही है जबकि उसकी मुंबई एवं कोच्चि रिफाइनरियों का उत्पादन 64.4 लाख टन था। इस तिमाही में बीपीसीएल ने 8.95 फीसदी का औसत एथेनॉल मिश्रण स्तर भी हासिल किया।


सेन्ट बैंक होम फायनेंस लिमिटेड
Cent Bank Home Finance Limited
(Subsidiary of Central Bank of India)

**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड कम्पनी सचिव पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है**

**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड कम्पनी सचिव के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदक को इन्स्टीट्यूट ऑफ कम्पनीज सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया का सदस्य होना चाहिए और किसी निजी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कम्पनी सचिव के पद पर कम से कम 7 वर्षों का अनुभव हो। आवास वित्त कम्पनी/बैंक/वित्तीय संस्थाओं में कार्यानुभव वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। आवास वित्त कम्पनी में अनुपालन एवं लेखा संबंधी अनुभव को शीर्ष प्राथमिकता दी जायेगी। अधिक जानकारी हेतु, कृपया हमारी वेबसाइट www.cbhfl.com का अवलोकन करें। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 23/08/2021 है।**


## आईआरसीटीसी को पहली तिमाही में लाभ

**भारतीय** रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 87.22 करोड़ रुपये की कुल व्यापक आय दर्ज की है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 25.23 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। कंपनी के बोर्ड ने शेयर विभाजन को भी मंजूरी दी है। इसके तहत 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर को 2 रुपये अंकित मूल्य के 5 शेयरों में विभाजित किया जाएगा।

कंपनी ने कहा है कि ऐसा पूंजी बाजार में नकदी प्रवाह बढ़ाने, शेयरधारिता आधार में विस्तार करने और छोटे निवेशकों के लिए शेयर को किफायती बनाने के लिए किया गया है।

तिमाही के दौरान कंपनी का कुल राजस्व बढ़कर 257.94 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 156.49 करोड़ रुपये था। आईआरसीटीसी का कैटरिंग राजस्व में गिरावट दर्ज की गई लेकिन इंटरनेट टिकटिंग, पर्यटन एवं रेल नीर श्रेणी के राजस्व में बढ़ोतरी हुई। *बीएस*

## इरकॉन को 88.99 करोड़ रुपये का लाभ

इरकॉन इंटरनेशनल ने वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 88.99 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो एक साल पहले की समान अवधि के 34.46 करोड़ रुपये से 158 फीसदी अधिक है।

कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 0.45 पैसा प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश देने की भी घोषणा की है। इसके साथ ही बोर्ड ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 1.70 रुपये का संशोधित अंतिम लाभांश देने का फैसला किया जो 30 जून की बैठक में सुझाए गए 1.32 रुपये प्रति शेयर लाभांश से ज्यादा है। हालांकि यह फैसला शेयरधारकों की मंजूरी के बाद ही लागू होगा।

अप्रैल-जून तिमाही में इरकॉन की समेकित कुल आय 1,175.54 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 549.29 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि महामारी की दूसरी लहर ने उसके परिचालन पर असर पड़ा। हालांकि इरकॉन ने उम्मीद जताई है कि वह मौजूदा आर्थिक हालात को देखते हुए रिकवरी करने में सफल होगी। तिमाही के अंत में उसका कुल ऑर्डर बुक 32,312 करोड़ रुपये का था जिसमें रेलवे का हिस्सा 32,605 करोड़ रुपये का था।

## अशोक लीलैंड को पहली तिमाही में घाटा

हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लीलैंड को वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 282 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा उठाना पड़ा है जबकि पिछले साल की समान अवधि में उसे 389 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। हालांकि कंपनी को पहली तिमाही में परिचालन से मिलने वाला राजस्व तिगुने से भी ज्यादा बढ़ा है। वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 651 करोड़ रुपये रहा था लेकिन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह बढ़कर 2,951 करोड़ रुपये हो गया।


## दि यमुना सिंडीकेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : रदौर रोड, यमुनानगर–135001 (हरियाणा) सीआईएन : L24101HR1954PLC001837
दूरभाष नं. : +91–1732–255479, ई–मेल : companysecretary@yamunasyndicate.com, वेबसाइट : www.yamunasyndicate.com

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के स्टैण्डएलोन तथा समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रु. लाख में आय प्रति शेयर को छोड़कर)

| क्र.सं. | विवरण | स्टैण्डएलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2020 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
| | | | | | | | | (नोट 5 का संदर्भ लें) | |
| I | प्रचालनों से आय | 1,981.13 | 1,563.41 | 1,533.83 | 5,463.64 | 1,981.13 | 1,563.41 | 1,533.83 | 5,463.64 |
| II | कर पूर्व अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा अपवादित मदें | 93.19 | 753.52 | 78.98 | 992.22 | 93.19 | 91.82 | 78.98 | 330.52 |
| III | कर पूर्व अवधि हेतु लाभ/(हानि) | 93.19 | 753.52 | 78.98 | 992.22 | 712.84 | 3,175.32 | 1,960.59 | 11,718.77 |
| IV | कर पश्चात अवधि हेतु लाभ/(हानि) | 68.77 | 700.41 | 57.71 | 878.12 | 688.42 | 3,122.21 | 1,939.32 | 11,604.67 |
| V | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु (कर पश्चात) लाभ तथा व्यापक आय (कर पश्चात) से मिलकर] | 68.89 | 702.16 | 57.22 | 878.40 | 664.24 | 3,094.35 | 2,101.10 | 11,778.29 |
| VI | प्रदत्त इक्विटी अंश पूंजी (रु. 100/- प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी | 307.37 | 307.37 | 307.37 | 307.37 | 307.37 | 307.37 | 307.37 | 307.37 |
| VII | पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर आरक्षिति | – | – | – | 6,596.78 | – | – | | 97,006.53 |
| VIII | आय प्रति शेयर (रु. 100/- प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | | |
| | (क) बेसिक (रु. में) | 22.37 | 227.87 | 18.78 | 285.69 | 223.97 | 1,015.78 | 630.94 | 3,775.47 |
| | (ख) डाइल्यूटेड (रु. में) | 22.37 | 227.87 | 18.78 | 285.69 | 223.97 | 1,015.78 | 630.94 | 3,775.47 |

नोट : 1. कम्पनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गयी है तथा निदेशक मण्डल द्वारा 12 अगस्त, 2021 को आयोजित उनकी सम्बद्ध बैठक में अनुमोदित की गयी है।
2. कम्पनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणाम इसके पश्चात यथासंशोधित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. समेकित परिणामों में कम्पनी तथा इसकी अनुषंगी कम्पनी नामतः इसजेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड के परिणाम शामिल हैं। अनुषंगी कम्पनी में निवेश लेखांकन की इक्विटी विधि का उपयोग करते हुए लेखाकृत किया गया है।
4. इस समूह (कम्पनी तथा इसकी अनुषंगी कम्पनी) ने उन सभी संभावित प्रभावों पर विचार किया है जो वर्तमान के अप्रत्याशित कोविड–19 महामारी के कारण कम्पनी के प्रचालनों तथा सम्पत्ति की कैरीइंग राशि, संयन्त्र तथा उपकरण, अमूर्त आस्तियों, इन्वेंट्री, व्यापार, प्राप्तियों आदि पर पड़ सकते हैं। इस उद्देश्य के लिए इस समूह ने समेकित वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आन्तरिक तथा बाह्य स्रोतों पर विचार किया है। वर्तमान आकलनों के आधआर पर यह समूह ऐसी कैरीइंग मूल्यों पर किसी सार्थक प्रभाव की आशा नहीं करता है। इस समूह के वित्तीय विवरण पर कोविड–19 का प्रभाव समेकित वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि पर आकलित विवरण से भिन्न हो सकता है।
5. अनुषंगी कम्पनी ने पूर्व में सूचित किया था कि मैसर्स कैवाइट बायोफ्यूल्स प्रोड्यूसर्स इंकॉर्पोरेशन (सीबीपीआई) के साथ विवाचन के निपटान के सन्दर्भ में, उन्होंने अपने पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी इसजेक इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. के माध्यम से अपनी आस्तियों तथा दायित्वों तथा समूह की कम्पनियों सहित सीबीपीआई को अधिग्रहीत कर लिया था। 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही तक इंड एएस 103 के तहत अनुमत्य ''व्यवसाय संयोजन'' के अनुसार, अनुषंगी कम्पनी ने उन मदों की अनंतिम राशियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसके लिए उचित मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित था। 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान, उन्होंने अधिग्रहण की तिथिपर उचित मूल्य पर प्रारम्भिक लेखांकन पूरा कर लिया है और इस प्रकार 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही की उनकी तुलनात्मक सूचना संशोधित की गयी है। तदनुसार, इस कम्पनी को उसी अवधि के समेकित वित्तीय परिणामों की तुलनात्मक सूचना को संशोधित करना है।
7. भारतीय संसद ने रोजगार तथा रोजगार के पश्चात के दौरान कर्मचारी लाभों से सम्बन्धित सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 अनुमोदित कर दी है जो भविष्य निधि तथा ग्रेच्युटी के प्रति इस समूह द्वारा अंशदानों को प्रभावित करेगी। श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय ने 13 नवम्बर, 2020 को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 हेतु नियमों का प्रारूप निर्गत कर दिया है और हित धारकों से सुझाव आमन्त्रित किए हैं जो मंत्रालय द्वारा सक्रिय विचार के अधीन हैं। यह समूह नियमों के अधिसूचित होने के उपरान्त प्रभाव तथा अपने मूल्यांकन का आकलन करेगा और उस अवधि में अपने वित्तीय विवरण में उचित प्रभाव प्रदान करेगा जिसमें संहिता प्रभावी होगी और वित्तीय प्रभाव का निर्धारण करने के लिए संबंधित नियम प्रकाशित होंगे।
8. उपर्युक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित स्टैण्डएलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। लेखापरीक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्टसहित इन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.yamunasyndicate.com) पर उपलब्ध है।
9. सेबी परिपत्र उ'फ़उऋ़ऋ़/उटऊ/56/2016 दिनांक 27 मई, 2016 के सन्दर्भ में, कम्पनी एतद्वारा घोषणा करती है कि लेखापरीक्षकों ने 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अंशोधित विचार सहित इन वित्तीय परिणामों पर सीमित समीक्षा निर्गत की है।
10. वर्तमान अवधि के आंकड़ों को सुनिश्चित करने के लिए गत अवधि के आंकड़ों को पुनसर्मूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।


कृते एवं हिते निदेशक मण्डल
यमुना सिंडीकेट लिमिटेड
ह./–
(किशोर चटनानी)
निदेशक
डीआईएन : 07805465

तिथि : 12.08.2021
स्थान : नोएडा (उ.प्र.)


# वनवेब ने जुटाए 30 करोड़ डॉलर

मेघा मनचंदा
नई दिल्ली, 12 अगस्त

**भारती** समूह के निवेश वाली कंपनी वनवेब ने कहा है कि दक्षिण कोरिया की कंपनी हानवा सिस्टम्स ने 30 करोड़ डॉलर के निवेश से उपग्रह संचार कंपनी लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में 8.8 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है। यह निवेश नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद 2022 की पहली छमाही में पूरा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही नवंबर 2020 के बाद वनवेब में कुल इक्विटी निवेश बढ़कर 2.7 अरब डॉलर हो जाएगा।



**भारती** समूह के निवेश वाली कंपनी में दक्षिण कोरिया की कंपनी हानवा सिस्टम्स ने 8.8 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की

वनवेब ने एक बयान में कहा, 'फॉर्च्यून 500 सूची में शामिल दक्षिण कोरिया की वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण कंपनी हानवा ने भारती समूह के निवेश वाली लो अर्थ ऑर्बिट उपग्रह संचार कंपनी वनवेब में हानवा सिस्टम्स के जरिये 30 करोड़ डॉलर के इक्विटी निवेश की घोषणा की है।' निवेश पूरा होने पर वनवेब कंपनी में हानवा की हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करने के लिए बोर्ड में निदेशक की नियुक्ति करेगी। वनवेब के पहली पीढ़ी के बेड़े में 648 उपग्रह हैं जो 2022 में वैश्विक कवरेज प्रदान करेंगे। कंपनी अब तक 254 उपग्रह को कक्षा में प्रक्षेपित कर चुकी है जबकि अगला प्रक्षेपण इसी अगस्त में कजाकस्तान के बायकोनूर से होने की योजना है। वनवेब की स्थापना 2012 में दुनिया भर में अरबों लोगों को उच्च गति की वायरलेस ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान करने के लिए एक मिशन के साथ की गई थी। भारती वनवेब का एक संस्थापक सदस्य है।


बिज़नेस स्टैंडर्ड
चंडीगढ़ संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा,चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित**
**संपादकः कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS



डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै० बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
कोई हवाई अधिभार नहीं